**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1959**
**उत्तर देने की तारीख 19 दिसंबर, 2022**
**सोमवार, 28 अग्रहायण, 1944 (शक)**

**पीएमकेवीवाई/पीएमकेके के अंतर्गत योजनाएं**

**1959. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी: श्री अरविंद धर्मापुरीः श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार के पास 2015 से लेकर आज तक राज्यों में विशेषकर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के मेडक, महबूबनगर, नलगोंडा, भोंगिर जिलों और अन्य संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) सहित कौशल योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है तथा इस संबंध में पहचान की गई/कार्यान्वित की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और तेलंगाना में अब तक प्रत्येक परियोजना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत/खर्च की गई है;

(ग) इन परियोजनाओं की क्या समीक्षा की गई है और उन पर क्या कार्रवाई की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने वर्ष 2015 से कौशल विकास कार्यक्रम के तहत तेलंगाना के किसी जिले के लिए कोई अनुदान/निधि स्वीकृत की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) वर्ष 2015 से 2022 तक कौशल विकास कार्यक्रम के तहत तेलंगाना में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की जिले-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री**
**(श्री राजीव चंद्रशेखर)**

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों सहित देश भर में युवाओं के कौशल विकास के लिए विभिन्न कौशलीकरण स्कीम जैसे वर्ष 2015 से पीएमकेके सहित प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई),

वर्ष 2018 से जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), वर्ष 2016 से राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) को कार्यान्वित कर रहा है।

मेडक, महबूबनगर, नलगोंडा, भोंगिर (यदाद्री भुवनगिरी जिला) को कवर करते हुए तेलंगाना राज्य में पीएमकेवीवाई, जेएसएस, एनएपीएस और सीटीएस में प्रशिक्षित उम्मीदवारों की जिला-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है। आंध्र प्रदेश राज्य के लिए जिले-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ख) तेलंगाना राज्य में पीएमकेवीवाई, जेएसएस, एनएपीएस और सीटीएस के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या और स्वीकृत/व्यय की गई धनराशि नीचे दी गई है:

| **क्र.सं.** | **कार्यक्रम/स्कीम** | **प्रशिक्षित उम्मीदवार** | **निधि** |
|---|---|---|---|
| 1 | पीएमकेवीवाई (वर्ष 2015 से दिनांक 30.09.2022 तक) | 4.23 लाख | 315.01 करोड़ |
| 2 | जेएसएस (वर्ष 2018 से वर्ष 2021-22 तक) | 0.30 लाख | 10.64 करोड़ |
| 3 | एनएपीएस (वर्ष 2016 से दिनांक 30.11.2022 तक) | 0.94 लाख | 2.40 करोड़ |
| 4 | सीटीएस (वर्ष 2015 से वर्ष 2021-22 तक) | 1.73 लाख | लागू नहीं* |
| **कुल** | | **7.20 लाख** | **328.05 करोड़** |

*राज्यों/आटीआई को सीटीएस के अंतर्गत निधि जारी नहीं की जाती है।

(ग) कौशलीकरण स्कीमों/कार्यक्रमों की समीक्षा एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय पीएमकेवीवाई के तहत संचालन/कार्यकारी समितियों, जेएसएस के लिए जन शिक्षण संस्थान निदेशालय, एनएपीएस के लिए केंद्रीय शिक्षुता परिषद (सीएसी) तथा सीटीएस के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय जैसे स्थापित तंत्रों के माध्यम से स्कीमों/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रभावशीलता की समय-समय पर समीक्षा करता है। स्कीमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए परिणामी पाठ्यक्रम सुधार को लगातार अपनाया जाता है।

(घ) पीएमकेवीवाई, जेएसएस, एनएपीएस और सीटीएस के तहत प्रशिक्षण देने के लिए जिले-वार निधि आवंटन का कोई प्रावधान नहीं है।

(ङ) पीएमकेवीवाई, जेएसएस, एनएपीएस और सीटीएस के तहत तेलंगाना राज्य में प्रशिक्षित उम्मीदवारों की जिले-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

**अनुबंध-I**

## तेलंगाना राज्य में पीएमकेवीवाई, जेएसएस, एनएपीएस और सीटीएस के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों की जिले-वार संख्या:

| जिला | पीएमकेवीवाई* | जेएसएस** | एनएपीएस# | सीटीएस## |
|---|---|---|---|---|
| आदिलाबाद | 15,014 | 5,275 | 1,061 | 2,746 |
| भद्राद्री कोठागुडेम | 5,306 | - | 1,021 | 16,522 |
| हैदराबाद | 1,00,475 | 4,287 | 50,058 | 12,992 |
| जगित्याल | 2,862 | - | 25 | 1,523 |
| जनगांव | 1,925 | - | 12 | 5,165 |
| जयशंकर भूपालपल्ली | 1,414 | - | 197 | - |
| जोगुलम्बा गडवाल | 2,366 | - | 10 | 3,978 |
| कामारेड्डी | 675 | - | 356 | 2,123 |
| करीमनगर | 34,363 | - | 2,947 | 5,565 |
| खम्मम | 28,375 | 6,200 | 1,904 | 5,087 |
| कुमुराम भीम आसिफाबाद | 937 | - | 181 | 534 |
| महबुबाबाद | 1,993 | - | 175 | 4,082 |
| महबूबनगर | **17,546** | **5,803** | **1,381** | **5,980** |
| मंचेरियल | 2,559 | - | 863 | 5,855 |
| मेडक | **15,532** | **-** | **3,582** | **3,964** |
| मेडचल मलकजगिरी | 5,865 | - | 7,230 | 10,876 |
| मुलुगु | 69 | - | 2 | 749 |
| नगरकुरनूल | 18,384 | - | 3 | 4,473 |
| नलगोंडा | **37,928** | **2,597** | **1,156** | **8,718** |
| नारायणपेट | - | - | - | 1,934 |
| निर्मल | 3,028 | - | 3 | 1,918 |
| निजामाबाद | 10,942 | - | 766 | 7,480 |
| पेद्दापल्ली | 2,762 | - | 1,103 | 7,086 |
| राजन्ना सिरसिला | 4,299 | - | 1 | 1,799 |
| रंगा रेड्डी | 65,995 | - | 11,819 | 10,094 |
| संगारेड्डी | 3,418 | - | 4,270 | 11,873 |
| सिद्दीपेट | 1,223 | - | 210 | 5,319 |
| सूर्यापेट | 3,012 | - | 28 | 1,547 |
| विकाराबाद | 2,013 | - | 840 | 2,023 |
| वानापार्थी | 1,567 | - | 56 | 2,077 |
| वारंगल ग्रामीण | 1,674 | - | 492 | 1,567 |
| वारंगल शहरी | 22,701 | 6,130 | 1,755 | 11,200 |
| यदाद्रि भुवनगिरी | **6,362** | - | **11** | **6,383** |
| **योग** | **4,22,584** | **30,292** | **93,518** | **1,73,232** |

*30.09.2022 के अनुसार, 2015 के आंकड़े; ** 2018 से 2021-22 तक के आंकड़े; # 30.11.2022 के अनुसार 2016 के आंकड़े,; ## 2015 से 2021-22 तक के आंकड़े;

**अनुबंध-II**

**आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमकेवीवाई, जेएसएस, एनएपीएस और सीटीएस के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों की जिले-वार संख्या:**

| जिला | पीएमकेवीवाई* | जेएसएस** | एनएपीएस# | सीटीएस## |
|---|---|---|---|---|
| अल्लूरी सीताराम राजू | - | - | - | 2,986 |
| अनकापल्ली | - | - | - | 17,155 |
| अनंतपुर | 55,945 | 5,998 | 1,879 | 15,067 |
| अन्नमय्या | - | - | - | 5,320 |
| बापतला | - | - | - | 8,427 |
| चित्तूर | 34,724 | 5,780 | 5,571 | 7,265 |
| पूर्वी गोदावरी | 40,429 | - | 4,659 | 7,841 |
| एलुरु | - | - | - | 11,236 |
| गुंटूर | 46,868 | 5,491 | 6,597 | 5,669 |
| काकीनाडा | - | - | - | 9,744 |
| कोनासीमा | - | - | - | 10,155 |
| कृष्णा | 34,281 | 5,719 | 6,965 | 7,067 |
| कुरनूल | 38,141 | - | 4,210 | 8,401 |
| नांदयाल | - | - | - | 10,143 |
| एनटीआर | - | - | - | 8,257 |
| पलनाडु | - | - | - | 8,978 |
| पार्वतीपुरम मन्यम् | - | - | - | 4,526 |
| प्रकाशम | 32,233 | 5,853 | 777 | 16,520 |
| एसपीएसआर नेल्लोर | 26,116 | - | 1,366 | 10,629 |
| श्री सत्य साईं | - | - | - | 6,792 |
| श्रीकाकुलम | 19,693 | - | 1,718 | 18,867 |
| तिरुपति | - | - | | 12,083 |
| विशाखापत्तनम | 61,391 | 6,201 | 10,174 | 28,576 |
| विजयनगरम | 22,455 | 900 | 1,135 | 19,698 |
| पश्चिम गोदावरी | 26,995 | - | 1,889 | 13,129 |
| वाईएसआर कडप्पा | 18,265 | - | 551 | 16,252 |
| **योग** | **4,57,536** | **35,942** | **47,491** | **2,90,783** |

***30.09.2022 के अनुसार; 2015 के आंकड़े; ** 2018 से 2021-22 तक के आंकड़े; # 30.11.2022 के अनुसार, 2016 के आंकड़े,; ## 2015 से 2021-22 तक के आंकड़े;**

********